लोक सभा अध्यक्ष ने लोकमान्य बाल गंगाधर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज लोकमान्य बाल गंगाधर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी लोकमान्य बाल गंगाधर को श्रद्धांजलि दी।

ट्विटर पर अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा, "महान शिक्षक, गणितज्ञ, अधिवक्ता, दार्शनिक, समाज सुधारक एवं स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी की जयंती पर सादर नमन।"

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 28 जुलाई, 1956 को किया था।